Bareilly Monday,
8 May 2023
BAREILLY EDITION
Price ₹ 3.50/-
Pages 12

दैनिक जागरण inext

Page No. 04 : Bottom

गजल की सजी महफिल

एसआरएमएस रिद्धिमा में कारवां- ए- गजल में विद्यार्थियों ने बांधा समा

BAREILLY (7 May): एसआरएमएस रिद्धिमा में संडे की शाम कारवां-ए-गजल के नाम रही. इस में गायन सीख रहे विद्यार्थियों को गुरुओं का भी साथ मिला. गुरु और शिष्यों की जुगलबंदी में रिद्धिमा के मंच पर देर शाम तक कर्णप्रिय गजल श्रोताओं को झूमने पर मजबूर करती रहीं. गजल में स्टूडेंट्स को रजनी अग्रवाल और गायन गुरु स्नेह आशीष दुबे का भी साथ मिला. ट्रस्ट की शैक्षणिक संस्थाओं के प्लेसमेंट सेल निदेशक डॉ. अनुज कुमार ने वो कागज की कश्ती वो बारिश का पानी गा कर बचपन को याद किया. इस के साथ ही वंदना दुग्गल खन्ना, श्रबोनी भट्टाचार्य, इंदू परडल, गायन गुरु स्नेह आशीष दुबे ने बेसबब बात बढ़ाने की जरूरत, गुरू आयुषी मजूमदार ने वो जो हम में तुम में करार था को अपनी मखमली आवाज दी. इस मौके पर ट्रस्ट संस्थापक व चेयरमैन देवमूर्ति, आशा मूर्ति, इंजीनियर सुभाष मेहरा, डॉ. प्रभाकर गुप्ता, डॉ. रजनी अग्रवाल, डॉ. रीटा शर्मा आदि रहे.